**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 17-05-2006**

**Participants : Yadav Shri Bhal Chandra**

an>

Title : Need to develop and beautify 'Kabir Chaura' at Maghar in Khalilabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

**श्री भाल चन्द्र यादव (खलीलाबाद)** : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र खलीलाबाद के अंतर्गत मगहर कस्बे में महात्मा कबीर दास जी की निर्वाण स्थली कबीर चौरा, एक महत्वपूर्ण पर्यटका स्थल है। यह हिन्दू मुस्लिम एकता का एक अनूठा संगम स्थल है। दुनिया के कई देशों से कबीर के अनुयाइयों कबीर चौरा मगहर आकर कबीरदास जी के संदेशों से प्रेरणा ग्रहण करते हैं।

प्रतिदिन हजारों की तादाद में स्थानीय जनता एवं देशी, विदेशी पर्यटक यहां आते रहते हैं। प्रतिर्वा जनवरी माह में 12 जनवरी से लेकर 20 जनवरी तक कबीर दास जी के निर्वाण स्थली पर मगहर महोत्सव का आयोजन होता है।

महोदय, इस महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल पर उ0प्र0 पर्यटन विभाग एवं उद्यान विभाग की कुछ गतिविधयां संचालित हैं जो नाममात्र ही हैं। स्थानीय लोगों एवं पर्यटकों की भारी भीड़ को देखते हुए यहां पर सुविधा के नाम पर अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है। सदियों पूर्व बनाये गये कबीर चौरा के सुन्दरीकरण की मांग मेरे क्षेत्र की जनता एक लम्बे अरसे से करती चली आ रही है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि कबीर चौरा मगहर को राट्रीय स्तर के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सुन्दरीकरण करायें।